Turner etc. reserved for Scheduled Castes/Scheduled Tribes;

(b) if so, whether any panel of candidates was made in this connection and whether that panel exists till now;

(c) the number of candidates with names, existing in the panel, waiting for appointment to the post of Turner; and

(d) the number of appointments to all selected candidates existing in panel?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI MALLIKARJUN) : (a) and (b) Yes, Sir.

(c) Names are given in the Statement. (*See* below).

(d) Five from the panel of 17 candidates have been appointed so far.

Statement

S/Shri

1. Nagina Das
2. Suresh Kumar
3. Ravinder Prakash
4. Babu Ram
5. Rishi Paul
6. Devi Das
7. Mohan Singh
8. Raj Kumar
9. Honar Singh
10. Ram Prakash
11 Bhadai Baitha
12. Rakesh Kumar

रक्षा विमानों का प्रयोग करने के लिए अति-विशिष्ट व्यक्तियों को ओर बकाया राशियां

3192. **श्री राम गोपाल यादव** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रक्षा विमानों के गैर-सरकारी प्रयोग हेतु कुछ भूतपूर्व मंत्रियों और अति-विशिष्ट व्यक्तियों की ओर भारी राशियां बकाया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) इन बकाया राशियों को वसूल करने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं ; और

(घ) इनके क्या परिणाम रहे ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) पूर्व रक्षा मंत्री (श्री के० सी० पंत) द्वारा भारतीय वायु सेना का एक वायुयान गैर-सरकारी प्रयोजन के लिए इस्तेमाल किए जाने के संबंध में 3,24,040 रुपये के केवल एक बिल का निपटान किया जाना शेष है ।

(ग) और (घ) बकाया राशि की वसूली के के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (इ) को नियमित रूप से लिखा जा रहा है ।

सेना के अधिकारियों को समय-पूर्व सेवा निवृत्ति

3193. **श्री राम गोपाल यादव** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सशस्त्र बलों में अधिकारियों द्वारा समय-पूर्व सेवा निवृत्ति लेने के मामलों में वृद्धि हो रही है ;

(ख) वर्ष 1990, 1991 और 1992 के दौरान प्रत्येक सशस्त्र सेवा में सेवा-वार और रैंक-वार कितने अधिकारियों ने समय-पूर्व सेवा निवृत्ति के लिए आवेदन किया था और कितने व्यक्तियों को सेवा निवृत्ति दी गई ;

(ग) क्या सरकार ने समय-पूर्व सेवा निवृत्ति पर कोई प्रतिबन्ध लगाया है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) गत तीन वर्षों के दौरान समय-पूर्व सेवा निवृत्ति चाहने वाले सेना अफसरों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने की प्रवृत्ति असम्भावित नहीं है ।

(ख) विवरण संलग्न है (नीचे देखिए) ।

(ग) और (घ) सेना के अफसरों से समय-पूर्व सेवा निवृत्त किए जाने के लिए प्राप्त प्रत्येक अनुरोध पर कार्य के महत्व को देखते हुए गुण-दोषों के आधार पर विचार किया जाता है । सेना के अफसरों की समय-पूर्व सेवा निवृत्ति को नियंत्रित करने के लिए कुछ मानदंड/मार्गदर्शी सिद्धांत निर्धारित हैं । सरकार ने इस मामले में कोई प्रतिबंध नहीं लगाए हैं ।